1. **Community engagement and education-** Engage with local communities/ NGOs to empower them with knowledge and skills for maintaining clean water sources and practicing safe sanitation behaviour specially in urban slums.
2. **Rainwater harvesting-** Promote rainwater harvesting techniques such as rooftop rainwater harvesting systems and water storage tanks.
3. **Post-Monsoon maintenance planning-** Plan for any post monsoon maintenance works required for waste and sanitation including the solid waste management infrastructure.
4. **Integration-** Integrate with social behaviour change campaign of Swachh Bharat Mission to ensure use of toilets for safe sanitation, waste segregation and non-littering for clean surroundings, hand washing for self-hygiene, etc.

Education

1. Facilitate peer-to-peer learning sessions where older students' mentor younger peers on proper handwashing techniques and sanitation practices
2. Visit to nearby Ayushman Aarogya Mandir (AAM) - Health and Wellness Centre for health screening
3. Conduct workshops on nutrition and healthy eating habits, emphasizing the role of proper nutrition in preventing diarrhoeal diseases
4. Award ceremony for Students on Independence Day – Best Poster, Best Slogan, Quiz competition etc

Rural Development

1. Conduct discussions in Cluster Level Federation/Village Organization/Self Help Group meetings through ASHA and ANM with a view to create awareness on:
    - Importance of keeping surroundings clean
    - Usage of toilet
    - Handwashing
    - Tree plantation
    - Use of safe drinking water

Panchayati Raj

1. Ensure regular monitoring of drinking water quality and encourage chlorination/disinfection of community water sources
2. Organize village rallies, nukkad nataks, folk media activities, and wall paintings to spread awareness on diarrhoea prevention and treatment
3. Organize community pledge campaigns on "**Clean Village, Healthy Children**" during Gram Sabha meetings
4. Organize inter-village cleanliness and sanitation competitions to encourage community participation

सत्यमेव जयते

श्रीनिवास कटिकिथला
आवासन और शहरी कार्य
मंत्रालय

संजय कुमार
सचिव
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

विवेक भारद्वाज
सचिव
पंचायती राज मंत्रालय

अनिल मलिक
सचिव
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

अशोक के. के. मीना
सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

रोहित कंसल
सचिव
ग्रामीण विकास मंत्रालय

पुण्य सलिला श्रीवास्तव
सचिव
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

अ.शा.पत्र सं. जेड-28020/41/2018-सीएच

12 जून, 2026

आदरणीय महोदया/महोदय,

देश में डायरिया आज भी बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। विशेषकर पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया के कारण बीमारी और मृत्यु का खतरा अधिक रहता है। इसलिए डायरिया की रोकथाम, समय पर उपचार, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और जन-जागरूकता के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा मिलकर कार्य करना आवश्यक है।

2. इस संदर्भ में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर **"STOP Diarrhoea Campaign"** चलाया जा रहा है। इस वर्ष के अभियान का नारा है–

"स्वच्छ जल, समुचित उपचार – डायरिया से बचें हर बार"
"STOP Diarrhoea – Save Lives"

इस अभियान का उद्देश्य डायरिया की रोकथाम एवं उपचार से जुड़ी सेवाओं को और सुदृढ़ करना है। अभियान में Protect, Prevent and Treat अर्थात् बचाव, रोकथाम और उपचार की रणनीति पर विशेष

3. अभियान की तैयारी समय पर पूर्ण करने के विषय पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 मई 2026 को राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को पहले एक पत्र भेजा जा चुका है।

4. यह अभियान 16 जून 2026 से 31 जुलाई 2026 तक जारी रहेगा। इस अवधि में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों से अपेक्षा है कि वे विभागीय समन्वय बैठकें आयोजित करें, तथा जन-जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन (SBCC) के लिए संचार रणनीति (IEC) तैयार करें (इसके लिए कुछ अतिरिक्त सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है)। शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पेयजल एवं स्वच्छता, शहरी कार्य, ग्रामीण विकास आदि विभागों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पहल में स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और परिवारों को शामिल किया जाए, जिनमें **जन्म के उपरांत पहले छह माह तक शिशु को केवल मां का ही दूध दिया जाना, टीकाकरण (विशेष रूप से रोटावायरस के विरुद्ध), स्वच्छ पेयजल का सेवन, साबुन से हाथ धोने, सांफ-सफाई तथा सभी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों में ओआरएस–जिंक कॉर्नर स्थापित करने** पर जोर दिया जाएगा।

5. डायरिया कई कारणों से फैलता है, इसलिए इस अभियान की सफलता तभी संभव है जब अलग-अलग विभाग मिलकर गांव और समुदाय स्तर पर एक जैसी और प्रभावी गतिविधियाँ करें। इसमें **साफ शौचालयों का उपयोग, सैनिटरी अपशिष्ट सहित कचरे का सुरक्षित निपटान, पीने के पानी की जांच (विशेषकर डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में), तथा गांवों में स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति (VHSNC), ग्राम पंचायत एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (VWSC) की संयुक्त बैठकों का आयोजन** शामिल है। यह भी प्रोत्साहित किया जाता है कि ये समितियाँ अपनी प्रगति ग्राम सभा के साथ साझा करें, ताकि समुदाय-स्तरीय जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

6. विशेष रूप से अभियान अवधि के दौरान, जिलाधिकारी/उपायुक्त (DM/DC) की अध्यक्षता में होने वाली **जिला जल एवं स्वच्छता समिति की नियमित बैठकों का आयोजन एवं जनप्रतिनिधियों, विशेषकर पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी** से इस अभियान को और मजबूती मिलेगी। लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए **राशन की दुकान, स्वयं सहायता समूह (SHG), सामुदायिक रेडियो और नुक्कड़ नाटकों** जैसे माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए **सात मंत्रालयों** द्वारा किए जाने वाले प्रमुख कार्यों को दर्शाने वाला एक पोस्टर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किया जाएगा, ताकि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा सके।

7. इसलिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध है कि वे राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर सभी संबंधित विभागों और लोगों के साथ मिलकर बेहतर समन्वय और सहयोग सुनिश्चित करें। अभियान के

8. हमें विश्वास है कि आपके नेतृत्व और सक्रिय सहयोग से इस अभियान का प्रभावी संचालन और सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हम सभी मिलकर अपनी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए संकल्पित हैं।

आदरपूर्वक,

(श्रीनिवास कटिकिथला) (संजय कुमार) (रोहित कंसल)

(अनिल मलिक) (अशोक के. के. मीना) (विवेक भारद्वाज)

(पुण्य सलिला श्रीवास्तव)

प्रति : मुख्य सचिव (सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र)/

संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासकों के सलाहकार

प्रति:

1. सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) / आयुक्त (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) / प्रधान सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) / प्रधान सचिव (चिकित्सा शिक्षा) – सभी राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र

2. सचिव (महिला एवं बाल विकास) – सभी राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र

3. सचिव (शिक्षा) - सभी राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र

4. सचिव (शहरी विकास) – सभी राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र

5. सचिव (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) – सभी राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र

6. सचिव (ग्रामीण विकास) - सभी राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र

7. सचिव (पंचायती राज) - सभी राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र

संलग्न 1

STOP Diarrhoea Abhiyan 2026 के अंतर्गत राज्य एवं जिला स्तर पर निगरानी के प्रमुख संकेतक	
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	1. कितने प्रतिशत स्वास्थ्य संस्थाओं में ORS/Zinc Corner कार्यशील हैं। 2. कितने प्रतिशत आशा कार्यकर्ताओं को डायरिया केस मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया गया है। 3. डायरिया होने पर पाँच वर्ष से कम आयु के कितने प्रतिशत बच्चों को ORS और Zinc दिया गया है। 4. डायरिया से प्रभावित पाँच वर्ष से कम आयु के चिन्हित बच्चों में से कितने प्रतिशत बच्चों का फॉलोअप किया गया है। 5. कितने प्रतिशत स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध है।
महिला एवं बाल विकास विभाग	1. कितने प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों में ORS/Zinc Corner कार्यशील हैं। 2. कितने प्रतिशत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डायरिया प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया है। 3. कितने प्रतिशत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को घर पर ORS घोल बनाने की विधि सिखाई गई है। 4. कितने प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों पर डायरिया से संबंधित IEC सामग्री प्रदर्शित की गई है।
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग	1. कितने प्रतिशत सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम (IEC गतिविधियाँ) सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता एवं साबुन से हाथ धोने के विषय पर आयोजित किए गए? 2. कितने प्रतिशत गाँवों, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी की गुणवत्ता की जांच की गई? 3. कितने प्रतिशत गाँवों में पानी की आपूर्ति के सभी स्थानों पर निर्धारित मात्रा में क्लोरीन (कम से कम 0.2 पीपीएम) पाई गई? 4. कितने प्रतिशत पानी की टंकियों एवं अन्य जल भंडारण संरचनाओं की सफाई की गई? 5. कितने प्रतिशत स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में फील्ड टेस्ट किट (FTK) के उपयोग का प्रशिक्षण आयोजित किया गया? 6. जांच किए गए पानी के नमूनों में से कितने प्रतिशत नमूने बैक्टीरियोलॉजिकल सुरक्षा मानकों के अनुरूप पाए गए?
आवास एवं शहरी कार्य/नगरीय विकास विभाग	1. कितने प्रतिशत शहरी बस्तियों में प्रतिदिन कचरा संग्रहण सेवा उपलब्ध है। 2. उच्च जोखिम वाले शहरी क्षेत्रों में नियोजित स्वच्छता अभियानों में से कितने प्रतिशत अभियान संचालित किए गए। 3. शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता पर नियोजित सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों में से कितने प्रतिशत कार्यक्रम आयोजित किए गए। 4. शहरी क्षेत्रों में कितने प्रतिशत स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित सुरक्षित पेयजल उपलब्ध है। 5. शहरी क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में कितने प्रतिशत शौचालय कार्यशील पाए गए। 6. कितने प्रतिशत सफाई कर्मचारियों को डायरिया रोकथाम के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।
स्कूल शिक्षा विभाग	1. कितने प्रतिशत स्कूलों में सुरक्षित पेयजल और स्वच्छ शौचालय उपलब्ध हैं। 2. स्कूलों में स्वच्छता सत्र, प्रतियोगिता, निबंध, पोस्टर या क्विज आदि कितनी संख्या में आयोजित किए गए।

	के संबंध में प्रशिक्षित किया गया है। 5. डायरिया से संबंधित स्वास्थ्य शिक्षा विषयों पर कितनी Parent Teacher Meetings आयोजित की गईं।
ग्रामीण विकास विभाग	1. कितने प्रतिशत Cluster Level Federation, Village Organization या Self Help Group ने अभियान अवधि में कम से कम एक डायरिया जागरूकता सत्र में भाग लिया। 2. पर्यावरण स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कितने सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।
पंचायती राज विभाग	1. कितने प्रतिशत ग्राम पंचायतों ने अभियान अवधि में डायरिया रोकथाम, स्वच्छता और हाथ धोने पर कम से कम एक सामुदायिक जागरूकता गतिविधि आयोजित की। 2. कितनी ग्राम सभाओं में STOP Diarrhoea Abhiyan की गतिविधियों और डायरिया से बचाव की मुख्य बातों पर चर्चा की गई।
नोट: निगरानी एवं समीक्षा के लिए प्रत्येक संकेतक में कुल लक्ष्य संख्या और उपलब्धि संख्या अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए।	

संलग्न 2

सप्ताह 1 एवं 2 (16th June – 30th June 2026)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

1. राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में मुख्यमंत्री या स्वास्थ्य मंत्री द्वारा STOP Diarrhoea Abhiyan का शुभारंभ किया जाए।
2. गतिविधिवार माइक्रोप्लान, IEC/SBCC संचार रणनीति और निगरानी व्यवस्था लागू की जाए।
3. अधिकारियों और मैदानी कार्यकर्ताओं के लिए भौतिक या वर्चुअल माध्यम से संवेदनशीलता कार्यशाला आयोजित की जाए।
4. समाचार पत्र, सोशल मीडिया, टीवी और रेडियो के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई जाए।
5. सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ORS/Zinc Corner स्थापित किए जाएं।
6. आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर ORS और Zinc का वितरण/पूर्व-स्थिति सुनिश्चित की जाए।
7. बस होर्डिंग, रोड पैनल आदि के माध्यम से बाहरी IEC प्रचार किया जाए।
8. प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में प्रतिदिन कम से कम दो सत्र हाथ धोने और ORS घोल बनाने की विधि पर आयोजित किए जाएं।
9. मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों के साथ समन्वय कर SMS और IVRS के माध्यम से अभियान संदेश प्रसारित किए जाएं।

महिला एवं बाल विकास विभाग

1. राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर डायरिया प्रबंधन से संबंधित शुभारंभ कार्यक्रम में भागीदारी की जाए।
2. आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जाए, जिसमें वृद्धि निगरानी, पोषण आकलन और डायरिया के कारण कुपोषण के जोखिम वाले बच्चों की पहचान पर ध्यान दिया जाए।
3. स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आंगनवाड़ी केंद्रों में ORS/Zinc Corner स्थापित किए जाएं।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

1. STOP Diarrhoea Campaign 2026 के शुभारंभ कार्यक्रम में राज्य, जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित करें।
2. जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) की बैठकें आयोजित कर अभियान की प्रगति, स्वच्छता की स्थिति, शौचालयों के सुधार (रेट्रोफिटिंग) तथा सामुदायिक शौचालयों की कार्यशीलता की समीक्षा करें।
3. ग्राम पंचायत/गांव स्तर पर बैठकें आयोजित कर अभियान के दौरान पेयजल की गुणवत्ता से जुड़े कार्यों को सही ढंग से लागू करने की योजना बनाएं।
4. गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जांच कर टूटी या रिसाव वाली पाइपों की पहचान करें और उनकी मरम्मत सुनिश्चित करें।
5. सुरक्षित पेयजल और साफ पानी के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें तथा स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में फील्ड टेस्ट किट (FTK) के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दें।
6. गांवों, स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करें।
7. यह निगरानी करें कि सभी पेयजल स्रोतों की समय-समय पर जांच हो रही है।
8. जलापूर्ति प्रणालियों में नियमित रूप से क्लोरीन का प्रयोग करें और इसकी जांच भी करें।
9. पेयजल वितरण के सभी स्थानों पर कम से कम 0.2 पीपीएम अवशिष्ट क्लोरीन बनाए रखें।
10. अभियान के दौरान सभी पानी की टंकियों और जल भंडारण संरचनाओं की सफाई एवं कीटाणुनाशन करें तथा उसका रिकॉर्ड रखें।
11. गांव स्तर पर स्थित आंगनवाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, स्वास्थ्य संस्थानों और सामुदायिक केन्द्रों में पानी की गुणवत्ता की जांच की व्यवस्था करें।

आवास एवं शहरी कार्य/नगरीय विकास विभाग

1. राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर शुभारंभ कार्यक्रम में भागीदारी की जाए।
2. शहरों में विशेषकर कचरा-संवेदनशील क्षेत्रों में साफ-सफाई अभियान चलाया जाए।
3. तैयारी चरण में सूचीबद्ध सभी गतिविधियों को लगातार जारी रखा जाए।
4. स्थानीय समुदाय, संगठनों और सरकारी अधिकारियों को जल प्रबंधन, स्वच्छता और साफ-सफाई के व्यवहार पर प्रशिक्षित किया जाए।
5. सफाई कर्मचारियों की जागरूकता, देखभाल और आवश्यक सुविधाओं के लिए विशेष कदम उठाए जाएं।
6. स्वच्छता एवं साफ-सफाई संबंधी प्रमुख संदेशों के प्रभावी प्रसार एवं सामुदायिक स्वीकृति सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय NGOs, सामुदायिक समूहों तथा निजी क्षेत्र की संस्थाओं के साथ सक्रिय सहभागिता को बढ़ावा दिया जाए।

स्कूल शिक्षा विभाग

1. राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर शुभारंभ कार्यक्रम में भागीदारी की जाए।
2. स्कूलों में स्वच्छ और कार्यशील शौचालयों की उपलब्धता का आकलन किया जाए।
3. स्कूलों में कार्यशील जल भंडारण टंकी की उपलब्धता का आकलन किया जाए।

ग्रामीण विकास विभाग

1. स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित योजना एवं समन्वय बैठकों में भागीदारी की जाए।
2. जिलों को STOP Diarrhoea Abhiyan 2026 के संबंध में निर्देश जारी किए जाएं और अभिमुखीकरण बैठक आयोजित की जाए।
3. राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर शुभारंभ कार्यक्रम में भागीदारी की जाए।

पंचायती राज विभाग

1. स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित योजना एवं समन्वय बैठकों में भागीदारी की जाए।
2. जिलों को STOP Diarrhoea Abhiyan 2026 के संबंध में निर्देश जारी किए जाएं और अभिमुखीकरण बैठक आयोजित की जाए।
3. राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर शुभारंभ कार्यक्रम में भागीदारी की जाए।

सप्ताह 3 एवं 4 (1st July – 15th July 2026)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

1. प्रत्येक गांव में **"आरोग्य संवाद: दस्त निवारण के समागम"** आयोजित किया जाए।
2. प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में प्रतिदिन कम से कम दो सत्र हाथ धोने और ORS बनाने की विधि पर आयोजित किए जाएं।
3. धार्मिक एवं आस्था-आधारित संगठनों को अभियान से जोड़ा जाए, ताकि धार्मिक सभाओं और कार्यक्रमों में डायरिया रोकथाम के संदेश दिए जा सकें।
4. आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर ORS और Zinc का वितरण/पूर्व-स्थिति सुनिश्चित की जाए।
5. स्वास्थ्य संस्थाओं में सुरक्षित पेयजल और स्वच्छ शौचालय की उपलब्धता का आकलन किया जाए। इसके लिए **"Neat and Clean Drive at Public Health Facilities"** संचालित किया जाए।
6. CHO, स्टाफ नर्स और ANM के लिए IMNCI दिशानिर्देशों के आधार पर डायरिया केस मैनेजमेंट के रोल-प्ले और सिमुलेशन अभ्यास कराए जाएं।
7. टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों की लाइन लिस्टिंग कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।
8. OPD, वार्ड और पोषण पुनर्वास केंद्रों में परिवारों को डायरिया के लक्षण, रोकथाम के उपाय और नजदीकी स्वास्थ्य संस्था/आशा को समय पर सूचना देने के बारे में समझाया जाए।
9. सही तरीके से हाथ धोने, सुरक्षित जल भंडारण और स्वच्छता पर वर्चुअल कार्यशालाओं की श्रृंखला शुरू की जाए।
10. दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में विशेष दल भेजकर डायरिया उपचार और रोकथाम सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।
11. गंभीर डायरिया लक्षण या जटिलता वाले बच्चों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों और नजदीकी स्वास्थ्य-संस्थाओं के बीच रेफरल व्यवस्था स्थापित की जाए।
12. ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर मध्य-अभियान समीक्षा की जाए।

महिला एवं बाल विकास विभाग

1. आंगनवाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के साथ बैठकें की जाएं, ताकि डायरिया से जुड़ी गलत धारणाओं को दूर किया जा सके और देखभालकर्ताओं के प्रश्नों का समाधान किया जा सके।
2. माताओं और देखभालकर्ताओं को घर पर ORS बनाने और बच्चे को सही तरीके से देने का अभ्यास कराया जाए।
3. नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर/Health and Wellness Centre और स्थानीय समुदाय संगठनों के साथ मिलकर स्वास्थ्य मेले या प्रभात फेरी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।
4. समुदाय स्तर पर रोल-प्ले और नाटक के माध्यम से सही तरीके से हाथ धोने और स्वच्छ व्यवहार अपनाने के संदेश दिए जाएं।
5. आंगनवाड़ी केंद्रों की दैनिक गतिविधियों जैसे कहानी, खेल और संवाद के माध्यम से बच्चों और परिवारों को डायरिया प्रबंधन की जानकारी दी जाए।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

1. ग्राम पंचायतों और ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों (VWSCs) को मजबूत बनाकर स्थानीय जल स्रोतों और स्वच्छता सुविधाओं के प्रबंधन में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसंपत्तियों का रखरखाव सुनिश्चित करें।
2. पानी, स्वच्छता, साफ-सफाई, साबुन से हाथ धोने के महत्व तथा इसके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में जन-जागरूकता अभियान चलाएं। साथ ही, सैनिटरी कचरे सहित कचरे के सुरक्षित निपटान के बारे में भी लोगों को जागरूक करें।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शौचालयों के उन्नयन (रेट्रोफिटिंग) सहित मल-कीचड़ (फीकल स्लज) के सुरक्षित प्रबंधन को बढ़ावा दें।
4. ग्रामीण क्षेत्रों के संस्थानों में कार्यशील नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाएं।

6. यह सुनिश्चित करें कि सभी पेयजल स्रोतों की जांच हो तथा उसकी प्रगति पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट की जाए।
7. जलापूर्ति प्रणालियों में नियमित रूप से क्लोरीन का प्रयोग करें और फील्ड टेस्ट के माध्यम से इसकी पुष्टि करें।
8. पेयजल वितरण के सभी स्थानों पर कम से कम 0.2 पीपीएम अवशिष्ट क्लोरीन बनाए रखें तथा इसकी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें।
9. अभियान के दौरान सभी पानी की टंकियों और जल भंडारण संरचनाओं की सफाई एवं कीटाणुनाशन करें तथा की गई गतिविधियों और प्रगति का रिकॉर्ड रखें।
10. सुरक्षित पेयजल और पानी की गुणवत्ता के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें तथा स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में विद्यार्थियों को फील्ड टेस्ट किट (FTK) के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दें और उसकी प्रगति का रिकॉर्ड रखें।
11. ग्राम पंचायत/गांव स्तर पर बैठकें आयोजित कर पानी की गुणवत्ता से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा करें तथा सभी परिवारों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
12. ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था का आकलन कर रिसाव वाली या क्षतिग्रस्त पाइपों की पहचान करें तथा उनकी मरम्मत या बदलने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

आवास एवं शहरी कार्य/नगरीय विकास विभाग

1. वार्ड समितियों, Resident Welfare Associations और Bulk Waste Generators को मजबूत कर स्थानीय जल स्रोतों और स्वच्छता सुविधाओं के रखरखाव में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
2. विशेषकर शहरी मलिन बस्तियों में स्वच्छता, सुरक्षित पानी और उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।
3. तैयारी चरण में सूचीबद्ध सभी गतिविधियों को जारी रखा जाए।

स्कूल शिक्षा विभाग

1. स्कूलों में हाथ धोना, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छ पानी और डायरिया प्रबंधन पर पोस्टर, निबंध और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।
2. स्कूल स्तर पर **"Green Earth – Healthy Life"** के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया जाए।
3. स्कूलों में Health and Wellness Ambassadors को डायरिया रोकथाम, प्रबंधन और स्वच्छता व्यवहार पर प्रशिक्षित किया जाए।
4. सुबह की सभा में CHO, स्टाफ नर्स या ANM जैसे स्थानीय स्वास्थ्यकर्मी को बुलाकर डायरिया प्रबंधन और हाथ धोने पर चर्चा कराई जाए।
5. मासिक Parent Teacher Meeting में **"बाल स्वास्थ्य संवाद"** आयोजित किया जाए, जिसमें स्वस्थ आहार, सुरक्षित पेयजल, शौचालय उपयोग और हाथ धोने पर चर्चा की जाए।
6. स्कूल के गलियारों में हाथ धोने और स्वच्छता से संबंधित पोस्टर लगाए जाएं।
7. स्कूलों में रोल-प्ले और नाटक के माध्यम से सही तरीके से हाथ धोने की विधि समझाई जाए।
8. स्कूल स्तर पर **"Hygiene Heroes"** कार्यक्रम शुरू किया जाए, जिसमें विद्यार्थी स्वच्छता व्यवहार अपनाने की शपथ लें।

ग्रामीण विकास विभाग

1. Cluster Level Federation, ग्राम सभा और Self Help Group की बैठकों में ASHA और ANM के माध्यम से निम्न विषयों पर चर्चा की जाए—
    a. आसपास की स्वच्छता बनाए रखना।
    b. शौचालय का उपयोग।
    c. साबन से हाथ धोना।

पंचायती राज विभाग
1. अभियान अवधि में गांवों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, साफ-सफाई और सुरक्षित पेयजल की निगरानी के लिए पंचायत नेतृत्व को मजबूत किया जाए। 2. डायरिया प्रबंधन पर **"जन संवाद"** आयोजित किया जाए। 3. स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से डायरिया प्रकोप की स्थिति में आपातकालीन कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें दवाइयों और सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था शामिल हो।

सप्ताह 5 एवं 6 (16th July – 31st July 2026)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

1. सही तरीके से हाथ धोने, सुरक्षित जल भंडारण और स्वच्छता व्यवहार पर ऑनलाइन कार्यशालाओं की श्रृंखला आयोजित की जाए।
2. दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में विशेष दल भेजकर डायरिया उपचार और रोकथाम सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।
3. डायरिया से प्रभावित पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की लाइन लिस्टिंग और फॉलोअप किया जाए।
4. अभियान के बाद भी डायरिया प्रबंधन गतिविधियों को जारी रखने के लिए स्थायी कार्ययोजना तैयार की जाए।
5. सर्वे, साक्षात्कार और स्वास्थ्य संस्था रिकॉर्ड के माध्यम से अभियान की पहुंच, प्रभाव और व्यवहार परिवर्तन से संबंधित जानकारी एकत्र की जाए।
6. डायरिया प्रबंधन से संबंधित सफलता की कहानियों और नवाचारों का दस्तावेजीकरण किया जाए।
7. प्रसवोत्तर वार्डों में हाथ से या इलेक्ट्रिक ब्रेस्ट पंप से मां का दूध निकालने की तकनीक का प्रदर्शन किया जाए।
8. अभियान से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण कर सुधार के क्षेत्रों की पहचान की जाए और भविष्य के डायरिया प्रबंधन अभियान के लिए सुझाव तैयार किए जाएं।

महिला एवं बाल विकास विभाग

1. डायरिया से ठीक हो रहे बच्चों की देखभाल और निगरानी के लिए घर-घर फॉलोअप भ्रमण किया जाए।
2. स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पौष्टिक भोजन बनाने का प्रदर्शन किया जाए।
3. धात्री माताओं को पर्याप्त पानी पीने, संतुलित आहार और पर्याप्त कैलोरी लेने के महत्व के बारे में समझाया जाए।
4. माताओं के Peer Support Group (PSG) की बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि वे स्तनपान से जुड़ी सफलताएं और चुनौतियां साझा कर सकें।
5. छह माह के बाद स्तनपान जारी रखते हुए पूरक आहार शुरू करने की जानकारी दी जाए।
6. अभियान गतिविधियों की पहुंच और गुणवत्ता का आकलन करने के लिए नियमित निगरानी भ्रमण और फील्ड निरीक्षण किए जाएं।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

1. स्थानीय समुदायों, स्वयंसेवी संस्थाओं (NGOs) और कार्यान्वयन सहयोगी एजेंसियों (ISAs) के साथ मिलकर लोगों को स्वच्छ जल स्रोतों की देखभाल और सुरक्षित स्वच्छता व्यवहार अपनाने के बारे में जागरूक एवं प्रशिक्षित करें।
2. वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को बढ़ावा दें, जैसे छतों से वर्षा जल संग्रहण और पानी भंडारण टंकियों का उपयोग।
3. ग्रामीण क्षेत्रों की जलापूर्ति व्यवस्था की जांच कर रिसाव वाली या क्षतिग्रस्त पाइपों की पहचान करें तथा उनकी मरम्मत या बदलने की व्यवस्था करें।
4. पंचायत प्रतिनिधियों के नेतृत्व में समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित करें ताकि (i) खुले में शौच मुक्त (ODF) स्थिति बनाए रखने के स्वास्थ्य लाभों के बारे में लोगों को जानकारी मिले तथा (ii) सभी परिवारों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो।
5. ग्राम पंचायत/गांव स्तर पर बैठकें आयोजित कर पानी की गुणवत्ता से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा करें तथा सभी परिवारों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
6. ग्रामीण क्षेत्रों की जलापूर्ति व्यवस्था की जांच कर रिसाव वाली या क्षतिग्रस्त पाइपों की पहचान करें तथा उनकी मरम्मत या बदलने की व्यवस्था करें।
7. गांवों, स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करें तथा उसकी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें।
8. यह सुनिश्चित करें कि सभी पेयजल स्रोतों की जांच हो रही है तथा उसकी प्रगति पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट की जाए।

पोर्टल पर दर्ज करें।

11. अभियान के दौरान सभी पानी की टंकियों और जल भंडारण संरचनाओं की सफाई एवं कीटाणुनाशन करें तथा की गई गतिविधियों और प्रगति का रिकॉर्ड रखें।
12. सुरक्षित पेयजल और पानी की गुणवत्ता के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें तथा स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में विद्यार्थियों को फील्ड टेस्ट किट (FTK) के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दें और उसकी प्रगति का रिकॉर्ड रखें।

आवास एवं शहरी कार्य/नगरीय विकास विभाग

1. विशेषकर शहरी मलिन बस्तियों में स्थानीय समुदायों और NGOs के साथ मिलकर स्वच्छ जल स्रोत, सुरक्षित स्वच्छता और साफ-सफाई व्यवहार पर जागरूकता बढ़ाई जाए।
2. रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और जल भंडारण टैंक जैसे वर्षा जल संचयन उपायों को बढ़ावा दिया जाए।
3. मानसून के बाद कचरा प्रबंधन और स्वच्छता से संबंधित आवश्यक रखरखाव कार्यों की योजना बनाई जाए।
4. स्वच्छ भारत मिशन के व्यवहार परिवर्तन अभियान के साथ समन्वय कर शौचालय उपयोग, कचरा पृथक्करण, इधर-उधर कचरा न फेंकना, स्वच्छ परिवेश और हाथ धोने जैसे व्यवहारों को बढ़ावा दिया जाए।

स्कूल शिक्षा विभाग

1. बड़े विद्यार्थियों द्वारा छोटे विद्यार्थियों को हाथ धोने और स्वच्छता व्यवहार सिखाने के लिए peer-to-peer learning sessions आयोजित किए जाएं।
2. स्वास्थ्य जांच के लिए विद्यार्थियों का नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर/Health and Wellness Centre भ्रमण कराया जाए।
3. पोषण और स्वस्थ खान-पान पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, जिसमें डायरिया रोकथाम में पोषण की भूमिका समझाई जाए।
4. स्वतंत्रता दिवस पर श्रेष्ठ पोस्टर, श्रेष्ठ नारा, क्विज आदि प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाए।

ग्रामीण विकास विभाग

1. Cluster Level Federation, ग्राम सभा और Self Help Group की बैठकों में ASHA और ANM के माध्यम से निम्न विषयों पर पुनः चर्चा की जाए—
   - वातावरण की स्वच्छता बनाए रखना।
   - शौचालय का उपयोग।
   - साबुन से हाथ धोना।
   - वृक्षारोपण।.
   - सुरक्षित पेयजल का उपयोग।

पंचायती राज विभाग

1. पेयजल की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और सामुदायिक जल स्रोतों के क्लोरीनेशन/डिसइन्फेक्शन को बढ़ावा दिया जाए।
2. डायरिया रोकथाम और उपचार के संदेश फैलाने के लिए ग्राम रैली, नुक्कड़ नाटक, लोक माध्यम और दीवार लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएं।
3. ग्राम सभाओं में **"स्वच्छ गांव, स्वस्थ बच्चे"** विषय पर सामुदायिक शपथ अभियान आयोजित किया जाए।
4. समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए गांवों के बीच स्वच्छता और साफ-सफाई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

******